संघ – टीनोफोरा

संघ – टीनोफोरा के सामान्य लक्षण (Common Charaterictics of Phylum Ctenophora)

Ctenophora नाम **एसकेबोल्ट** द्वारा दिया गया। जो की ग्रीक भाषा के दो शब्दों Ktenos अथार्त comb (कंघा) Phoros यानि bearing (धारण करना)। जिसका मतलब हुआ कंघे को धारण करने वाले जीव (कंकतधर)।

इनके शरीर पर आठ बाह्य पक्ष्माभी कंकत पट्टीयां (Outer Ciliary Comb Plates) पायी जाती है। जिससे इनका कंघे के समान होता है।

पक्ष्माभी कंकत पट्टीयों को कोसटी (Costae) कहते है।

इनमें संवेदी अंग (Sensory organ) संतुलनपुटी (Statocyst) पाया जाता है।

इनको कंकत जैली (Comb Jelly) या समुद्र अखरोट (Sea Wallnut) कहा जाता है।

टीनोफोरा एकलरूपिय (Monomorphic)एकल (solitary) तथा समुद्री (marine animals) होते है।

ये अरीय सममिति (Radial symmetry), द्विकोरकी (Diploblastic) अगुहीय (Acoelomates)तथा उत्तक स्तर का शारीरिक संगठन (Tissue level organization) वाले जीव है।

इनके शरीर पर पायी जाने वाली बाह्य पक्ष्माभी कंकत पट्टीयां (Outer Ciliary Comb Plates) चलन (Locomotion) में सहायता करती है।

इनमे पाचन अंत: कोशिकीय (Inter Cellular) या अंतरा कोशिकीय (Intra Cellular) प्रकार का होता है।

इनमें नाइडेरिया के समान दंश कोशिकाए (sting cells) नहीं पायी जाती। लेकिन इनमें नाइडोब्लास्ट या निमेटोब्लास्ट के समान कोलोब्लास्ट (Colloblast) कोशिकाएँ पायी जाती है।

ये जंतु जीवसंदीप्ति (Bioluminescence) उत्पन्न करते है। यानि जुगनू की तरह प्रकाश उत्पन्न करते है।

श्वसन (Respiration) व उत्सर्जन (Exrcetion) सामान्य सतह से विसरण (Diffusion) विधि द्वारा होता है।

ये उभयलिंगी (Hermaphroditic) प्राणी होते है। इनमे केवल लैंगिक जनन (Sexual reproduction) होता है तथा बाह्य निषेचन (External Fertilization) होता है।

https://www.evidyarthi.in/

इनमें परिवर्धन अप्रत्यक्ष (Indirect development) प्रकार का होता है इनका लार्वा सिडिपिड (Cydipid) कहलाता है।

संघ – टीनोफोरा का वर्गीकरण (Classifications of Phylum Ctenophora)

इस संघ को दो वर्गों में बाँटा गया है-

1. टेन्टेक्युलेटा (Class Tentaculata)
2. न्यूडा (Class Nuda)

वर्ग टेन्टेक्युलेटा (Class Tentaculata)

इस वर्ग के सदस्यों में टेन्टेक्युल यानि संस्पर्शक पाए जाते है वर्ग टेन्टेक्युलेटा (Class Tentaculata) को चार गण में बाँटा गया है-

1. साइडीपिडा (Order Cydippida)
2. लोबेटा (Order Lobata)
3. सेस्टिडा (Order Cestida)
4. प्लेटिक्टीनिया (Order Platyctenia)

गण साइडीपिडा (Order Cydippida)

उदाहरण- Pleurobrachia, Mertensia, Hormophora

गण लोबेटा (Order Lobata)

उदाहरण- Mnemiopsis, Bolinopsis

गण सेस्टिडा (Order Cestida)

उदाहरण- Velamen, Cestum- vinus girdle

गण प्लेटिक्टीनिया (Order Platyctenia)

उदाहरण- Tinoplena, Coeloplana, Gastra

वर्ग न्यूडा (Class Nuda)

इस वर्ग के सदस्यों में टेन्टेक्युल यानि संस्पर्शक पाए जाते है वर्ग न्यूडा (Class Nuda) में एक ही गण आता है-

गण बिरोइडा (Order Beroida)

उदाहरण- Beroe